प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पहुँची दुमका, कहा–झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन से लूँगी जीत का आर्शीवाद, हज़ारीबाग़ में कल्पना सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ साजिश का किया दावा।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को ड्रग्स की बिक्री पर रोक लगाने का दिया सख्त निर्देश, रांची में ब्राउन शुगर के साथ नाबालिग सहित छह गिरफ्तार।
3. सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों के तैनाती के बावजूद रांची समाहरणालय की रिकॉर्ड रूम की खिड़की तोड़ हुए जमीन के दस्तावेज चोरी।
4. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक गर्म हवाएं चलने का जारी किया येलो अलर्ट, आठ और नौ अप्रैल को कई जिलों में बारिश की संभावना।
5. आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया, आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने और दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार बनाए जाने के बाद जामा की पूर्व विधायक सीता सोरेन पहली बार गुरुवार की देर शाम दुमका पहुंची, जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व समाज कल्याण मंत्री लुईस मरांडी के नेतृत्व में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। लुईस मरांडी ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने सीता सोरेन के लिए जम कर नारे लगाए। इस अवसर पर सीता सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और झारखंड के विकास का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 24 सालों में राज्य के विकास की जगह जमीन, खनिज और नौकरियों की लूट हुई है। युवाओं के भविष्य की उपेक्षा की गई है। उन्होंने दुमका लोकसभा सीट से नलिन सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का उम्मीदवार बनाए जाने पर कहा कि वह उनसे अपनी जीत का आशीर्वाद लेंगी।

*******************

निर्वाचन आयोग आज 11 राज्यों के उन जिलों के चुनाव अधिकारियों और निगम आयुक्तों के साथ बैठक करेगा, जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत सबसे कम रहा था। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विचार–विमर्श होगा। देश के कुछ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान के मुद्दे के समाधान के लिए लक्षित और विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की जाएंगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस बैठक में दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊ और कानपुर के निगम आयुक्तं तथा बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ चयनित जिलों के चुनाव अधिकारी भाग लेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्तं ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कई बार शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन के मुद्दे को कम मतदान प्रतिशत का कारण बताया है।

*******************

लोकसभा चुनाव में सभी लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन कर्मचारियों के माध्यम से प्रयास कर रहा है।

*******************

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में धड़ल्ले से ब्राउन शुगर, अफीम, ड्रग्स की हो रही बिक्री पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्रग्स बेचनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मीडिया में आई रिपोर्ट के आधार पर संज्ञान लेते हुए ड्रग्स कारोबारियों के फैलते नेटवर्क पर चिंता जाहिर की। खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा

है कि राज्य में नशा का अवैध कारोबार चिंताजनक है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि विदेशी शराब, ब्राउन शुगर और गांजा के साथ अलग–अलग मामलों में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने कहा कि निर्वाचन आयोग और रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

रांची समाहरणालय परिसर स्थित रिकॉर्ड रूम से जमीन के कई दस्तावेज की चोरी हो गई है। चोरों ने रिकॉर्ड रूम के पीछे की खिड़की का ग्रिल तोड़ कर वारदात को अंजाम दिया है। आशंका जातायी जा रही है कि चोरी हुए दस्तावेजों में 114 से लेकर 164 साल पुराने रिकॉर्ड शामिल हैं। जब कर्मचारियों ने रिकॉर्ड रूम का दरवाजा खोला, तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। समाहरणालय स्थित रिकॉर्ड रूम में चोरी की घटना को लेकर रांची के कोतवाली थाना की पुलिस ने प्रभारी उप–समाहर्ता स्मृति कुमारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर एम्स प्रबंधन से पूछा है कि देवघर, एम्स में कब तक बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना हो जायेगी। झारखंड हाई कोर्ट ने दुमका में पेट्रोल से नाबालिग अंकिता की जलाकर हत्या करने से संबंधित मामले में स्वतः संज्ञान पर कल सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपित युवक को पिछले 28 मार्च को दुमका की निचली अदालत ने सजा सुना दी है। इस केस में सुनवाई के दौरान देवघर, एम्स में बर्न वार्ड की स्थापना से संबंधित मामले में देवघर एम्स की ओर से बताया गया कि जनवरी 2023 से वहां फैकल्टी एवं डॉक्टर की नियुक्ति कर दी गई है और बर्न ट्रीटमेंट शुरू कर दिया गया है लेकिन बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना में कुछ और माह का समय लगेगा, जिस पर कोर्ट ने देवघर एम्स को अगली सुनवाई में बताने को कहा है कि देवघर, एम्स में कब तक बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना हो जायेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची स्थित रिम्स और एमजीएम जमशेदपुर में बर्न यूनिट ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे हैं।

*******************

मौसम विभाग ने देश के पूर्वी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में अगले दो दिनों के लिए गर्म हवाये चलने की संभावना व्येक्तय की है। कर्नाटक के उत्तरी क्षेत्रों, ओडिसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और रायलसीमा में कल तक गर्म हवाये चलने की आशंका है। झारखंड में अगले दो दिनों तक गर्म हवायें चलने का यूलो अर्ल्ट जारी किया गया है। वहीं मौसम विभाग ने 8 और 9 अप्रैल को कई जिलों में गर्जन के साथ बारिष की भी संभावना व्यक्त की गयी है।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। पंजाब ने 200 रन के लक्ष्य को 19 ओवर और 5 गेंदों में सात विकेट खोकर पा लिया। पंजाब की तरफ से शशांक सिंह 29 गेंदों में 61 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने कप्तान शुभमान गिल के 48 गेंदों पर नाबाद नवासी रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब की तरफ से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। शशांक सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने रांची समहरणालय के रिकार्ड रूम में चोरी की घटना को प्रमुखता से प्रकाशित की है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने को पहले पेज पर ड्रग्स कारोबार को जड़ से खत्म करने के झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिंदुस्तान ने दुमका से नलिन, गिरिडीह से मथुरा महतो झामुमो प्रत्याशी की खबर को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गिरिडीह में बस से एक करोड़ नौ हजार रूपये बरामद, गया से कोलकाता ले जा रहे थे।

**************